उफ ! ये गर्मी कर रही बेहाल

खास बातें

- गर्मी दिखा रही है असर
- तापमान में हुई बढ़ोत्तरी

नवभारत न्यूज

सिरोंज, क्षेत्र में इन दिनों गर्मी ने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है. दिन में तेज धूप एवं उमस से लोगों का हाल बेहाल है. गर्मी के कारण मनुष्य नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे हैं. गर्मी के कारण लोग दिन में धूप में निकलने में संकोच करते दिखाई देते हैं. तथा घरों एवं दुकानों पर कूलर एवं पंखों के सामने समय व्यतीत करते दिखाई दे रहे हैं. सुबह से ही सूरज के उग्र तेवर दिखाई देते हैं. वही शाम के समय पार्कों में गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चों एवं नागरिकों की भीड़ दिखाई देती है. वही गर्मी में बिजली की आँख मिचौली लोगों की परेशानी ओर बढ़ा देती है.

शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में आया उछाल

इन दिनों गर्मी के कारण शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई हैं. जिससे शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिख रही हैं. वही गर्मी में इन दिनों बाजार में तरबूज एवं खरबूजों की बंपर आवक हो रही हैं. लोग दुकानों पर पहुँचकर इनकी खरीददारी कर रहे हैं.

शहर में इन दिनों गर्मी से सभी लोगों का हाल बेहाल हैं. सुबह से ही तापमान में बढ़ोत्तरी होना शुरू हो जाती है. जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाता है, गर्मी के तेवर भी तीखे होते जाते है. दिन में आसमान से आग बरसती दिखाई देती है. जिससे लोग छांव की तलाश करते दिखाई देते हैं. उमस एवं तीखी गर्मी के चलते दिन में कूलर, पंखे भी गर्मी से पर्याप्त राहत देने में फैल होते दिखाई देने लगे हैं. गर्मी के चलते दिन में लोग सड़कों पर निकलने से परहेज करते दिखते हैं. तथा अधिकांश समय घरों पर ही व्यतीत करते दिख रहे हैं. दिन में सड़कों पर निकलने के लिए तौलिया, गमछा आदि कपड़े का उपयोग कर रहे हैं. हालांकि गर्मी में जूस, गन्ने का रस, शरबत, शीतल पेय पदार्थो की बिक्री जरूर बढ़ गई है. वही गर्मी में बिजली की आवाजाही लोगों की मुसीबत ओर बढ़ा रही हैं. इन दिनों बिजली की आँख मिचौली का दौर जारी है. उमस एवं तीखी गर्मी के बीच बिजली की आवाजाही लोगों की परेशानी को ओर बढ़ा देती है. क्षेत्र में इन दिनों कई बार विद्युत प्रदाय अवरुद्ध हो जाता है. जो काफी देर तक अवरुद्ध बना रहता है. जिसके कारण लोग परेशान होते रहते हैं. ऐसे में गर्मी एवं उमस से भी लोगों को राहत नहीं मिल पाती है. बिजली गुल होने पर कूलर, पंखे भी लोगों को गर्मी, उमस से राहत नहीं दे पाते हैं.

सड़े, गले फल सामग्री की बिक्री जोरों पर

क्षेत्र में इन दिनों कई दुकानों पर सड़े गले फल, सब्जी एवं खाद्य सामग्री की बिक्री जोरों पर है. तो कई दुकानों पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का विक्रय किया जा रहा है. लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इसकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. वही कार्यवाही एवं जांच के अभाव में सड़े गले फल, सब्जी एवं खाद्य सामग्री विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद हैं.

धूप में बस का इंतजार करने को मजबूर यात्री

फार्म चौराहा पर रोजाना 30-40 बसों का आवागमन

नवभारत न्यूज

पठारी. नगर के मुख्य फार्म चौराहा पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. यात्रियों को सड़क किनारे खुले में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है, जिससे तेज धूप, सर्दी और बारिश में दिक्कतें बढ़ जाती हैं.

जानकारी के अनुसार, इस चौराहे से प्रतिदिन करीब 30 से 40 बसों का आवागमन होता है, जिनसे नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग यात्रा करते हैं. बावजूद इसके यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है. खासकर गर्मी के मौसम में यात्रियों को तेज धूप में खड़े रहना पड़ता है, जिससे महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं.बारिश के दौरान यात्री दुकानों में शरण लेने को मजबूर हो जाते हैं, जबकि कई बार महिलाओं को जमीन पर बैठकर इंतजार करना पड़ता है. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि फार्म चौराहा पर शीघ्र यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके.

चोरी के आरोपियों 6 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़, रविवार सोमवार की दरम्यानी रात करीब 12.30 बजे फरियादी भोई बाबा मंदिर के पुजारी ग्राम पिपरिया पाराशर निवासी संतोष शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंदिर में से घंटे एवं चढ़ोत्तरी के रुपए चोरी हो गये है. जिसपर पुलिस ने की आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है .

गर्मी में मटकों की बिक्री कमजोर, कारीगर परेशान

नवभारत न्यूज

पठारी. गर्मी शुरू होते ही देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटकों का बाजार तो सज गया है, लेकिन इस बार ग्राहकी कमजोर बनी हुई है. नगर के मुख्य बाजार में मटकों की दुकानें लगी हैं, पर खरीदार कम नजर आ रहे हैं. इस वर्ष मटकों के दामों में 10 से 20 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. छोटा मटका जो पिछले साल 40 रुपए में मिलता था, अब 50 रुपए में बिक रहा है, जबकि बड़ा मटका 100 से बढ़कर 120 रुपए तक पहुंच गया है.

कारीगरों का कहना है कि लागत बढ़ने के कारण दाम बढ़ाना मजबूरी हो गई है. मटका बनाने में काली मिट्टी, कंडा-लीद और परिवहन पर खर्च बढ़ गया है. पहले मिट्टी आसानी से मिल जाती थी, लेकिन अब उसे खरीदना पड़ता है. एक मटका तैयार करने में पूरे परिवार की मेहनत और कई महीनों का समय लगता है.बावजूद इसके, कमजोर मांग के चलते कारीगरों को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है.

टीईटी मुक्ति व वरिष्ठता को लेकर बांके बिहारी जी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

विदिशा. मध्य प्रदेश में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने वृंदावन धाम में भगवान श्री बांके बिहारी जी को ज्ञापन सौंपा. अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला संयोजक कृष्ण गोपाल राय ने शिक्षक साथियों के साथ मंदिर पहुंचकर प्रार्थना की.ज्ञापन में टीईटी से मुक्ति तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई. शिक्षकों ने बताया कि लंबे समय से इन मुद्दों को लेकर वे संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पाया है. इस कारण शिक्षकों में असंतोष बना हुआ है. इस अवसर पर कृष्ण गोपाल राय ने कहा कि भगवान श्री बांके बिहारी जी के समक्ष शिक्षकों की समस्याएं रखकर उनके समाधान की प्रार्थना की गई है. उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सरकार इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेगी और शिक्षकों को राहत मिलेगी.

अवैध बोर पर नगर परिषद का कब्जा, जल संकट में राहत

कार्रवाई पर उठे सवाल, होटल संचालक पर सख्ती नहीं

नवभारत न्यूज

सांची. भीषण गर्मी और गिरते जलस्तर के बीच नगर परिषद ने बसस्टैंड परिसर में बिना अनुमति कराई गई बोरिंग को अपने अधीन लेकर उससे जलप्रदाय शुरू कर दिया है. इससे नगर में पेयजल संकट से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े हो रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, नगर परिषद के कई ट्यूबवेल जलस्तर घटने से बंद हो रहे हैं. इसी बीच एक होटल संचालक ने प्रतिबंध के बावजूद सरकारी भूमि पर अवैध बोरिंग करा ली. सूचना मिलने पर नगर परिषद ने निरीक्षण कर बोर को अवैध मानते हुए कलेक्टर को पत्र भेजा और उसे अपने अधीन लेने की प्रक्रिया शुरू की. अब इसमें मोटर डालकर जल आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है.हालांकि, अवैध बोरिंग से आसपास के जलस्रोत प्रभावित होने की बात भी सामने आई है. इसके बावजूद संबंधित संचालक पर ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं. सीएमओ रामलाल कुशवाह ने बताया कि नोटिस के बाद सहमति से बोर का उपयोग जलप्रदाय के लिए किया जा रहा है.

गहोई समाज ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

वनिका गुप्ता ने 98 .2% अंक के साथ प्रदेश में पाया 9वां स्थान

नवभारत न्यूज

गुलाबगंज. गहोई समाज द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन समाज अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सेठ के निवास पर किया गया. कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, महिला वर्ग, नवयुवक मंडल के सदस्य एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के चित्र पर तिलक व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई.

इस अवसर पर कक्षा 10 और 12 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. कक्षा 10 में वनिका गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया. इसके अलावा काम्या गुप्ता, पार्थ गुप्ता, राघव गुप्ता सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया. वहीं कक्षा 12 में संस्कृति, महक लोहिया, पृथ्वी कुरेले व वेदांत नीखरा को सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में ओंकार प्रसाद खैरा, प्रकाश गुप्ता, शंकर लाल कुरेले सहित वक्ताओं ने छात्रों को प्रगति के लिए प्रेरित किया. संचालन दीपक नौगरिया ने किया एवं आभार अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ने व्यक्त किया.

15 .08 करोड़ से होंगे पॉलिटेक्निक कॉलेज में विकास कार्य

50 सीटर बालक व 50 सीटर बालिका छात्रावास का होगा निर्माण

नवभारत न्यूज

सिरोंज, क्षेत्र के युवाओं के शैक्षणिक भविष्य को संवारने की दिशा में विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से म.प्र. शासन द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु करीब 15 करोड़ 8 लाख की राशि स्वीकृत की गई है. जिससे पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में विकास के कई कार्य किये जावेंगे. इससे कॉलेज में कई जरूरी सुविधाएं विकसित होंगी और छात्रों को बेहतर माहौल मिलेगा.

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा स्वीकृत राशि से महाविद्यालय परिसर में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जावेगा. जिसमें छात्रों के लिए लगभग 8 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से 50 सीटर बालक छात्रावास और 50 सीटर बालिका छात्रावास तैयार किया जावेगा. कॉलेज में कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों के लिए करीब 3 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से 500 सीटों का बहुउपयोगी हॉल का निर्माण होगा.

नौदेवी पिपलेश्वर मंदिर समिति ने कराया 41वां नि :शुल्क धर्म विवाह

गरीब कन्या को गृहस्थी सामग्री देकर सम्मानपूर्वक विदाई

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय नौदेवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा 41वां नि:शुल्क धर्म विवाह संपन्न कराया गया. इस अवसर पर काली पठार निवासी खुशबू अहिरवार का विवाह विदिशा निवासी धर्मेंद्र अहिरवार के साथ वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ.

जानकारी के अनुसार, दोनों ही परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं. ऐसे में समिति ने विवाह की संपूर्ण व्यवस्था करते हुए कन्या को उपहार स्वरूप गृहस्थी का पूरा सामान प्रदान किया और सम्मानपूर्वक विदाई दी. विवाह समारोह में समाज के लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना की.

समिति अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि संस्था निरंतर निर्धन कन्याओं के विवाह कराकर उन्हें सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा. समिति के इस प्रयास को नगरवासियों और सामाजिक संगठनों ने सराहा है.

अभिभाषक संघ चुनाव नामांकन प्रक्रिया पूरी, तस्वीर साफ

नवभारत न्यूज

कुरवाई. अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव 2026 को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई है. निर्वाचन अधिकारी के अनुसार विभिन्न पदों के लिए दाखिल सभी 8 नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए हैं, जिससे मुकाबला रोचक हो गया है.अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार सैनी और देवेन्द्र सिंह ठाकुर के बीच सीधा मुकाबला तय माना जा रहा है. वहीं उपाध्यक्ष पद पर वैजनाथ गुर्जर और राम स्वरूप सोलंकी आमने-सामने हैं. सचिव पद के लिए नवीन कुमार जैन, सह-सचिव पद पर मोनू सिंह राजपूत और सन्देश शर्मा, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए मोना अहिरवार ने नामांकन दाखिल किया है.निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं. इसके बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी. उल्लेखनीय है कि पुस्तकालय सचिव पद के लिए कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ है.

न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वाहन चेकिंग अभियान

ओवरलोडिंग पर सख्ती, 80-85 हजार रुपए के चालान

नवभारत न्यूज

त्योंदा. थाना त्योंदा अंतर्गत बांगरोद चौकी पर न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान बैरिकेड लगाकर वाहनों को रोका गया और ओवरलोडिंग व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई.

चेकिंग के दौरान ओवरलोड ट्रक और बसों पर विशेष निगरानी रखी गई. नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कई वाहन चालकों के चालान काटे गए, जिससे कुल करीब 80 से 85 हजार रुपए की वसूली की गई. इस दौरान थाना त्योंदा का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा और पूरी कार्रवाई को व्यवस्थित ढंग से अंजाम दिया गया.न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.पुलिस प्रशासन ने भी आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ओवरलोडिंग से बचें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें.

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 का 28वां चरण सम्पन्न

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. बेतवा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए चल रहे साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के तहत 28वां चरण रविवार को सम्पन्न हुआ. श्रमदान दल के सदस्यों ने नदी के प्रवाह क्षेत्र और घाट किनारों से प्लास्टिक, पॉलीथिन, कपड़े और अन्य कचरे को एकत्रित कर बाहर निकाला. घंटों की मेहनत के बाद बड़ी मात्रा में अपशिष्ट हटाया गया.बढ़ती गर्मी के साथ घाटों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने से गंदगी में भी इजाफा हुआ है. लोग नदी किनारे पहुंच तो रहे हैं.

सेमरीअहीर के जंगल में भीषण आग, दहशत का माहौल

नवभारत न्यूज

लटेरी. क्षेत्र के सेमरीअहीर चौराहे के पास जंगल में भीषण आग लगने से आसपास के गांवों में दहशत फैल गई. आग इतनी विकराल थी कि ऊंची लपटों के साथ पूरा जंगल धधकता नजर आया. तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और सूखे पेड़-पौधे इसकी चपेट में आ गए. रात में आग का दृश्य और भयावह हो गया, जब लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं.

ग्रामीणों के अनुसार आग ने देखते ही देखते बड़े क्षेत्र को अपनी गिरफ्त में ले लिया.

सूचना देने के बावजूद वन विभाग का अमला समय पर मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में नाराजगी है. ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन संसाधनों के अभाव में काबू पाना मुश्किल रहा.इस आग से बड़ी संख्या में पेड़-पौधे जलकर राख हो गए, वहीं वन्यजीवों के जीवन पर भी खतरा उत्पन्न हो गया. स्थानीय लोगों ने आग के कारणों पर भी सवाल उठाए हैं और साजिश की आशंका जताई है.

समझाइश | **गठित दल ने मौके पर पहुंचकर की कार्यवाही**

टीम ने समझाइश देकर तीन बाल विवाह रोके

नवभारत न्यूज

सिरोंज, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त शिकायत पर सिरोंज परियोजना महिला बाल विकास विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर तीन बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की गई. जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांस्बा ने बताया कि सिरोंज परियोजना अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से तीन अलग-अलग स्थानों पर बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई थी.

सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महिला बाल विकास परियोजना सिरोंज की टीम द्वारा ग्राम पंचायत अमीरगढ़ के पटेरा मजरा में बंजारा समुदाय द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के विवाह की तैयारी घर पर चल रही थी. जिसपर टीम द्वारा परिजनों एवं रिश्तेदारों को समझाईश दी गई. मौके पर पंचनामा एवं कथन की कार्यवाही की गई. परिजनों ने लिखित सहमति दी है कि वह बालिका का विवाह 18 वर्ष पूर्ण होने पर करेंगे. समझाईश देकर बाल विवाह को रोका गया. वही ग्राम टोरी बागरोद से प्राप्त हुई शिकायत पर टीम द्वारा जांच करने पर बालिका की उम्र 15 वर्ष पाई गई. टीम द्वारा आयु संबंधी दस्तावेज चेक किये गये. जिसमें बालिका नाबालिग पाई गई. बालिका एवं परिजनों को समझाईश दी गई. इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यपालिक अधिकारी जनपद पंचायत सिरोंज द्वारा ग्राम देवपुर में एक नाबालिग बालिका के विवाह मंदिर से किये जाने की जानकारी दी गई थी. सिरोंज महिला बाल विकास की टीम द्वारा ग्राम देवपुर में पहुंचकर मंदिर में जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि उक्त बालिका का विवाह नहीं किया जा रहा है. उक्त शिकायत झूठी पाई गई.

विभाग द्वारा बालिका और परिजनों को समझाया

बालिका का विवाह शिवपुरी में होना तय हुआ था. विभाग द्वारा बालिका और परिजनों को समझाया गया और बाल विवाह से होने वाली दुष्परिणामों के बारे में बताया गया. परिजनों द्वारा लिखित सहमति दी गई और समझाईश देकर बाल विवाह को रोका गया. तीसरी शिकायत ग्राम भौंरिया में बाल विवाह की प्राप्त हुई थी. टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई. जिसमें बालिका की उम्र 16 वर्ष 3 माह पाई गई. बालिका का रिश्ता विदिशा के अहमदपुर में तय हुआ था.

दादी रतन मोहिनी जी का स्मृति दिवस विश्व एकता दिवस के रूप में मनाया

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी जी का प्रथम स्मृति दिवस विश्व एकता दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर दादी जी के जीवन, आदर्शों और सेवाओं को श्रद्धापूर्वक याद किया गया.

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि दादी रतन मोहिनी जी ने युवावस्था से ही अपना जीवन आध्यात्मिक सेवा और युवा सशक्तिकरण को समर्पित कर दिया था. उन्होंने युवाओं को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और जीवनभर आध्यात्मिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार किया. कम उम्र में ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की संस्कृति और योग का संदेश पहुंचाया.ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दादी जी ने हजारों बहनों को प्रशिक्षित कर आध्यात्मिक सेवा के लिए तैयार किया और देश-विदेश में परमात्म ज्ञान का प्रसार किया. उनका जीवन सेवा, त्याग और समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल रहा.